F(6th Sm.)-Hindi-MDC/CC-8/CCF

# 2026

## HINDI — MDC

### Paper : CC-8

### (Hindi Upanyas)

### Full Marks : 75

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

### (हिंदी उपन्यास)

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) बड़े नखरों के साथ नाच-गान हुआ। ऐसे कि अश्लीलता भी शरमा गई होगी। नाच-गान की समाप्ति होते-होते नसीर तकिए के सहारे पड़कर सो गया। अश्लीलता के इतने आकार-प्रकार उसके अनुभव में आ चुके थे कि अब कोई अश्लीलता उसको देर तक आकर्षण नहीं दे सकती।

(ख) मेरी सम्मति तो यह है कि आप इस झगड़े में न पड़ें। जिस स्त्री को लोक-निंदा की लाज नहीं उसे कोई शक्ति नहीं सुधार सकती। यह नियम है कि जब हमारा कोई अंग विकृत हो जाता है तो उसे काट डालते हैं, जिससे उसका विष समस्त शरीर को नष्ट न कर डाले। समाज में भी उसी नियम का पालन करना चाहिए। मैं देखता हूँ कि आप मुझसे सहमत नहीं हैं, लेकिन मेरा जो विचार था वह मैंने स्पष्ट कह दिया। आश्रम की प्रबंधकारिणी सभा का मेम्बर मैं भी हूँ? मैं किस तरह इस वेश्या को आश्रम में रखने की सलाह दूँगा।

(ग) आले में रखे दीये ने फिर से झपकी ली। ऊपर, दीवार में छत के पास से दो ईंटें निकली हुई थीं। जब-जब वहाँ से हवा का झोंका आता, दीये की बत्ती झपक जाती कोठरी की दीवालों पर साये से डोल जाते। थोड़ी देर बाद बत्ती अपने आप सीधी हो जाती और उसमें से उठने वाली धुएँ की लकीर आने को चाटती हुई फिर से ऊपर की ओर सीधे रुख लगती।

(घ) सच पूछा जाए तो बड़ा न आदमी होता है, न घटना। यह तो बस, मौक़े-मौक़े की बात होती है। मौक़ा ही ऐसा आ पड़ा है। इस समय तो सरोहा में पत्ते का हिलना भी एक घटना की अहमियत रखता है। डेढ़ महीने बाद ही तो चुनाव है। यों उप-चुनाव विधानसभा की एक सीट-भर का, फिर भी है बहुत महत्त्वपूर्ण। इस सीट के लिए भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुकुल बाबू खुद खड़े हो रहे हैं। सुकुल बाबू क्या खड़े हो रहे हैं, समझ लीजिए पिछले चुनाव में हारी हुई पूरी-की-पूरी पार्टी खड़ी हो रही है, खम ठोंककर... ललकारती हुई-सत्तारूढ़ पार्टी के पूरे अस्तित्व को चुनौती देती हुई!

(ङ) लड़की, हम कहीं-न-कहीं, कभी-न-कभी मिलेंगी ज़रूर। एक-दूसरे को पहचान लेंगी। इतनी बड़ी दुनिया है। इसमें भूल नहीं हो सकती। माँ कहीं भी हो, बेटी कहीं भी हो, माँ कोई भी हो, बेटी कोई भी हो माँ-बेटी तो माँ-बेटी रहेंगी। रहती दुनिया तक।

Please Turn Over

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** का उत्तर दीजिए : 12×3

(क) 'तमस' उपन्यास में सांप्रदायिक दंगे की पृष्ठभूमि में देश विभाजन की भीषण कथा प्रस्तुत हुई है। इस कथन के आलोक में 'तमस' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'ऐ लड़की' उपन्यास की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) सेवासदन उपन्यास में चित्रित मूल समस्याओं का विश्लेषण कीजिए।

(घ) 'महाभोज' एक सशक्त राजनीतिक उपन्यास है। इस कथन के आलोक में 'महाभोज'' उपन्यास की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

(ङ) एक ऐतिहासिक कृति के रूप में 'मृगनयनी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) 'तमस' शब्द का क्या अर्थ है?

(ख) मृगनयनी का विवाह किस से होता है?

(ग) 'महाभोज' के किसी एक पुरुष पात्र का नाम बताइए।

(घ) प्रमोद किस उपन्यास का पात्र है?

(ङ) गजाधर किस उपन्यास का पात्र है?

(च) 'ऐ लड़की' कहकर किसे पुकारा जाता है?

(छ) 'सेवासदन' किस नाम से उर्दू में प्रकाशित हुआ था?

(ज) 'त्यागपत्र' की नायिका का नाम बताइए।

(झ) सुमन किस उपन्यास की प्रमुख पात्र है?

---